# JavaScript in Hindi – जावास्क्रिप्ट क्या है? पूरी जानकारी

Md Badiruddin February 12, 2023

**JavaScript in Hindi**: **जावास्क्रिप्ट** एक **प्रोग्रामिंग भाषा है** जो **HTML** और **CSS** के साथ-साथ **वर्ल्ड वाइड वेब** (WWW) की प्रमुख तकनीकों में से एक है। **JS** एक ऑब्जेक्ट ओरिएंटेड भाषा है जिसका उपयोग कई **वेबसाइटों** द्वारा वेबपेजों की **स्क्रिप्टिंग** के लिए किया जाता है।

क्या आपको पता है **जावास्क्रिप्ट** वेबसाइट की दुनिया की सबसे लोकप्रिय प्रोग्रामिंग भाषा है? यदि आप जावास्क्रिप्ट प्रोग्रामिंग भाषा के बारे में कुछ नहीं जानते हैं। तो यह **जावास्क्रिप्ट का परिचय** लेख में, आप सीखेंगे की **जावास्क्रिप्ट क्या है (What is JavaScript in Hindi)**, इसके लाभ आदि।

## जावास्क्रिप्ट का परिचय (JavaScript Introduction हिंदी में)


वेब विकास की क्षेत्र में, जावास्क्रिप्ट (Js) भाषा सबसे **लोकप्रिय प्रोग्रामिंग भाषा** में से एक है, क्योंकि जावास्क्रिप्ट एक क्लाइंट-साइड और सर्वर-साइड दोनों पर उपयोग किया जाता है, जो आपको वेब पेज को इंटरैक्टिव बनाने की अनुमति देता है।

यदि आप dynamic रूप से अपडेट की जाने वाली सामग्री बनाना चाहते हैं, मल्टीमीडिया या animation चित्रों आदि को नियंत्रित करना चाहते हैं, तो आपको जावास्क्रिप्ट सीखना चाहिए।

नोट: इससे पहले कि आप JavaScript सीखना शुरू करें, आपको पहले बेसिक कंप्यूटर प्रोग्राम, एचटीएमएल (HTML) और सीएसएस (CSS) की

बुनियादी समझ होनी चाहिए।

## जावास्क्रिप्ट क्या है (What is JavaScript in Hindi)?




**जावास्क्रिप्ट** का संक्षिप्त नाम *Js* है। **JavaScript** एक टेक्स्ट आधारित **scripting** और **वेब** की दुनिया में सबसे **लोकप्रिय प्रोग्रामिंग भाषा** है। यह किसी भी वेब पेज में जटिल विशेषताएं लागू करने के लिए उपयोग किया जाता है।

मूल रूप से, *जावास्क्रिप्ट*, *जावा प्रोग्रामिंग भाषा* से प्रभावित है, इसका सिंटैक्स C लैंग्वेज के समान है और ECMAScript पर आधारित है, जो सन माइक्रोसिस्टम्स द्वारा विकसित एक **स्क्रिप्टिंग** भाषा है। वेबसाइटों को गतिशील और इंटरैक्टिव बनाने के लिए नेटस्केप द्वारा **JavaScript** भाषा का विकसित किया गया था।

आइए **जावास्क्रिप्ट** को थोड़ा और आसानी से समझते हैं:

- वर्तमान समय में, **जावास्क्रिप्ट** लगभग हर एक आधुनिक वेब ब्राउज़र (गूगल क्रोम, इंटरनेट सफारी, ऑपेरा मिनी, आदि) पर चलाया जाता

है।

- एक पेशेवर वेब डेवलपर इंटरैक्टिव और गतिशील वेबसाइट बनाने के लिए हर दिन **जावास्क्रिप्ट** का उपयोग करता है।
- कोई वेबपेज लोड होने के बाद भी सर्वर के साथ संचार किए बिना **जावास्क्रिप्ट फ़ंक्शन** (कार्यों) चल सकता है।
- यह ऑब्जेक्ट-ओरिएंटेड क्षमताओं के साथ एक व्याख्या की गई प्रोग्रामिंग भाषा है।
- **JavaScript** का नाम पहले **LiveScript** रखा गिया था, फिर **Netscape** इसका नाम बदल के JavaScript रखा है।
- यह एक Open और cross-platform है, यानी यह सभी platform में और FREE में JavaScript का उपयोग कर सकते है।

## जावास्क्रिप्ट का उदाहरण (Example of JavaScript in Hindi)

यदि आप जावास्क्रिप्ट के साथ वेब ब्राउजर पर पहला प्रोग्राम Hello world! या कोई भी टेक्स्ट प्रिंट करना चाहते हैं,

नीचे दिए गए कोड को कॉपी करें और अपने कोड एडिटर में पेस्ट करें और फ़ाइल का नाम javascript.html से सेव करें।


```
<script type="text/javascript">

document.write("Example of JavaScript in Hindi!");
```

इस उदाहरण में उपयोग किया गिया `<script>` एक HTML टैग है, अगर आप नहीं जानते है की HTML tags क्या है? तो जानिए, और All HTML tags list हिंदी में जानिए।

नोट: HTML document Inline JavaScript है इसलिए file extension **.html** रखना आवश्यकता है।

ब्राउज़र में इसका output कुछ इसे प्रदर्शन करेगा:




## जावास्क्रिप्ट के लाभ (Advantages of JavaScript in Hindi)

**यहाँ जावास्क्रिप्ट के कुछ सबसे अधिक लाभ हैं:**

1. **जावास्क्रिप्ट** एक *गतिशील प्रोग्रामिंग भाषा है।*
2. जावास्क्रिप्ट **सर्वर लोड समय** कम करता है।
3. इसका उपयोग वेब पर हर जगह किया जाता है।
4. जावास्क्रिप्ट client-side ब्राउज़र में **तुरंत run** हो जाती है
5. JavaScript एक **lightweight** और interpreted प्रोग्रामिंग भाषा है।
6. JavaScript एक सरल प्रोग्रामिंग भाषा है, इसे आसानी से सिखा जा सकता है।
7. जावास्क्रिप्ट उपयोगकर्ताओं को वेब पेजों के साथ **इंटरैक्ट** करने की अनुमति देता है।

## JavaScript Development Tools (Code Editor)

जावास्क्रिप्ट का अच्छी चीजों में से एक यह है की JavaScript के लिए आपको कोई भी development tools की जरुरत नहीं है।

आप JavaScript कोड लिखना किसी भी टेक्स्ट एडिटर में कर सकते हैं, जैसे कि HTML text editor.

क्योंकि JavaScript एक interpreted भाषा है और अभी के सभी वेब ब्राउज़र में जावास्क्रिप्ट होता है,

इसलिए आपको compiler ख़रीदने की आवश्यकता नहीं है।

## JavaScript Course in Hindi

- जावास्क्रिप्ट की विशेषताएं हिंदी में जानिए।
- First JavaScript Program कहाँ और कैसे लिखें जानिए।
- Syntax Of JavaScript in Hindi (JavaScript का Code Structure समझें)।
- JavaScript Variables in Hindi (var, let, const)।
- JavaScript के Data Types को समझें।
- जावास्क्रिप्ट Operators in Hindi और इसके प्रकार।
- JavaScript Output in Hindi (Output Types)
- JavaScript Statements in Hindi

## FREE JavaScript Complete Tutorial in Hindi

अगर आप फ्री में पूरी जावास्क्रिप्ट सीखना चाहते हैं, तो नीचे दिए गए लिंक पर जाएं और अभी जावास्क्रिप्ट सीखना शुरू करें।

JavaScript Course Hindi

# निष्कर्ष

**जावास्क्रिप्ट** एक उच्च-स्तरीय, गतिशील, **इंटरप्रेटेड प्रोग्रामिंग भाषा है** जिसका उपयोग इंटरैक्टिव वेबसाइट और वेब-आधारित एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जाता है। यह वेबसाइटों पर गतिशील व्यवहार को सक्षम बनाता है, सामग्री बदलने, उपयोगकर्ता क्रियाओं का जवाब देने और एनिमेशन बनाने जैसी चीजों की अनुमति देता है।

इस **जावस्क्रिप्ट** लेख में अपने जाना की JavaScript एक lightweight और interpreted प्रोग्रामिंग भाषा है। इसको वेब Scripting भाषा और संक्षिप्त नाम **Js** से भी जाना जाता है।

यदि आप वेब डिजाइनिंग में रुचि रखते हैं और वेब डेवलपर या वेब डिजाइनर बनना चाहते हैं, तो आपको यहाँ "JavaScript Programming Tutorial in Hindi" से Js को सीखना शुरू कर देना चाहिए।

मुझे उम्मीद है कि यह जावास्क्रिप्ट परिचय ट्यूटोरियल आपको **जावास्क्रिप्ट क्या है** (**What is JavaScript in Hindi**)? समझने में मदद करेगा।

यदि आप इस प्रकार की सामग्री चाहते हैं या प्रोग्रामिंग PDF डाउनलोड करना चाहते तो अभी TiH telegram से जुड़े।

हमारे सामाजिक पृष्ठों से जुड़ें: Facebook Page और GROUP, Twitter, Instagram.